हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 11 अंक : 304 देहरादून, सोमवार, 29 मई, 2023 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 08




नीति आयोग की गवर्निंग काउंसिल की आठवीं बैठक में शामिल हुए सीएम धामी 3

# वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की कड़ी में उत्तराखण्ड को देश का अग्रणी राज्य बनाने का लक्ष्य : सीएम धामी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून, ब्यूरो रिपोर्ट, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में नई दिल्ली में आयोजित नीति आयोग की गवर्निंग काउंसिल की 8वीं बैठक में प्रतिभाग किया। मुख्यमंत्री ने उत्तराखंड के विकास में मार्गदर्शन और सहयोग के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्र सरकार का आभार व्यक्त करते हुए राज्य से संबधित विभिन्न विषयों को रखा।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की कड़ी में उत्तराखण्ड को देश का अग्रणी राज्य बनाने का लक्ष्य- सशक्त उत्तराखण्ड@25 की अवधारणा के आधार पर तेज गति से कार्य प्रारम्भ कर दिया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा नीति आयोग, भारत सरकार की तर्ज पर *राज्य में स्टेट इंस्टीट्यूट फॉर इंपावरिंग एंड ट्रांसफॉर्मिंग उत्तराखण्ड (सेतु) का गठन किया है। गुजरात के जी.आई.डी.बी की तर्ज पर अवस्थापना सुविधाओं के सृजन के लिए उत्तराखण्ड निवेश और अवस्थापना विकास बोर्ड का गठन किया गया है ताकि घरेलू एवं अन्तर्राष्ट्रीय निवेशकों को राज्य में आकर्षित किया जा सके। जल संरक्षण को बढ़ावा देने, बाढ़ नियन्त्रण में सहायक और सभी विकास कार्यो में इकोनॉमी तथा इकोलॉजी का सन्तुलन सुनिश्चित करने के लिये स्प्रिंग एंड रिवर रिजूवनेशन अथॉरिटी बनायी जा रही है। इससे स्थानीय स्तर पर पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा तथा जल आधारित रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। नगरीय मल्टी मॉडल परिवहन सुविधा के लिये यूनिफाइड मेट्रोपॉलिटयन ट्रांसपोर्ट अथॉरिटी (यू.एम.टी.ए) का गठन किया गया है।



मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने कहा कि पीएम गतिशक्ति में गुजरात के बाद उत्तराखण्ड दूसरा राज्य है, जिसके द्वारा अधिकतम कार्य पूर्ण किया गया है। प्रधानमंत्री मोदी के मार्ग दर्शन में बद्री-केदार धाम के पुननिर्माण का संकल्प शीघ्र साकार होने जा रहा है। इसके लिये राज्य की ओर से मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री का आभार भी व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि कुमांऊ क्षेत्र में स्कन्द पुराण में उल्लिखित प्रमुख पौराणिक मंदिर तथा गुरूद्वारा को एक सर्किट के रूप में जोड़ने के लिये मानसखण्ड मंदिर माला मिशन प्रारम्भ की गयी है। इस परियोजना से स्थानीय स्तर पर लगभग 50,000 परिवारों को प्रत्यक्ष तथा परोक्ष रूप से रोजगार मिलने का अनुमान है। प्रथम चरण में 16 मंदिरों का अवस्थापना विकास किया जा रहा है। पहली बार जागेश्वर मंदिर पर आधारित गणतंत्र दिवस की झांकी को पहला स्थान मिला।मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने कहा कि राज्य में ''मिनिमम गवर्नमेंट मैक्सिमम गवर्नेंस'' की अवधारणा के अन्तर्गत आई.टी का अधिक से अधिक उपयोग किया जा रहा है। अपणि सरकार पोर्टल पर लगभग 70 प्रतिशत सेवायें ऑनलाईन उपलब्ध है। 'अपणों स्कूल अपणों प्रमाण' के अन्तर्गत विद्यालय में ही छात्र-छात्राओं को सभी प्रमाण पत्र निर्गत किये जा रहे हैं। रोजगार के सृजन की दृष्टि से 18000 पॉली हाउस एक साथ स्वीकृत किये गये जबकि विगत वर्षों में लगभग 500 पॉली हाउस प्रतिवर्ष स्वीकृत होते थे। आगामी दो वर्षो में प्रत्यक्ष तथा परोक्ष रूप से लगभग एक लाख से अधिक रोजगार का सृजन होगा। पर्यटन नीति 2023 के अन्तर्गत लगभग 40 हजार करोड़ रूपये का निवेश सम्भावित है, जिससे बड़ी संख्या में रोजगार सृजन होगा। विदेशों में रोजगार के आकर्षक अवसर उपलब्ध कराने हेतु मुख्यमंत्री कौशल उन्नयन एवं वैश्विक रोजगार योजना लायी गयी है। पर्यटक स्थलों पर सुगमतापूर्वक आवागमन के लिये 58 हैलीपोर्ट तथा हैलीपैड निर्मित किये गये हैं एवं 29 हैलीपोर्ट तथा हैलीपैड निर्माणाधीन है। स्थानीय स्तर पर विभिन्न प्रकार के ड्रोन के निर्माण तथा दूरस्थ क्षेत्रों में आवश्यकीय सेवाओं, विकास कार्यो की निगरानी के लिये ड्रोन यूसेज एंड प्रमोशन पॉलिसी'लायी जा रही है। सात जनपदों के 250 कृषकों को वर्तमान में ड्रोन प्रशिक्षण दिया जा रहा है। राज्य में महिलाओं को अधिक सशक्त बनाने के लिये 2025 तक 1.25 लाख लखपति दीदी का लक्ष्य रखा गया है एवं 33,158 परिवारों को लखपति दीदी के रूप में तैयार किया गया है।

## उत्तराखंड में दूसरी जी-20 एंटी-करप्शन वर्किंग ग्रुप मीटिंग का हुआ समापन




न्यूज़ वायरस नेटवर्क

जी-20 एंटी-करप्शन वर्किंग ग्रुप की दूसरी बैठक का आज ऋषिकेश (टिहरी) में संपन्न हुई। बैठक में 20 सदस्य देशों, 10 आमंत्रित देशों और यूएनओडीसी , ओईसीडी , एगमॉन्ट ग्रुप , इंटरपोल और आईएमएफ सहित 9 अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के 90 प्रतिनिधियों की व्यापक भागीदारी थी। मीटिंग की अध्यक्षता राहुल सिंह, अतिरिक्त सचिव, भारत सरकार के कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग और अध्यक्ष जी20 एंटी-करप्शन वर्किंग ग्रुप मीटिंग ने की।

बैठक की सह-अध्यक्षता इटली के टास्क फोर्स के प्रमुख, जी20 एंटी-करप्शन वर्किंग ग्रुप मीटिंग के सह-अध्यक्ष जियोवन्नी टार्टाग्लिया पोलसिनी और इटली के ही पूर्णाधिकारी मंत्री, विदेश और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग मंत्री फैब्रिज़ियो मारसेली ने की।पिछले तीन दिनों में एसेट रिकवरी, भगोड़े आर्थिक अपराधियों, सूचना साझा करने के लिए सहयोग के औपचारिक और अनौपचारिक चैनलों, भ्रष्टाचार से निपटने के लिए संस्थागत ढांचे और आपसी कानूनी सहायता से संबंधित कई प्रमुख विषयों और क्षेत्रों पर गहन और उत्पादक विचार-विमर्श हुआ है। प्रतिनिधियों ने बैठक में भ्रष्टाचार को रोकने और उससे मुकाबला करने के लिए तीन उच्च स्तरीय सिद्धांतों पर सहमति व्यक्त की। ये सिद्धांत हैं; जिम्मेदार सार्वजनिक निकायों और प्राधिकरणों की अखंडता और प्रभावशीलता को बढ़ावा देना, भ्रष्टाचार का मुकाबला करने के लिए कानून प्रवर्तन संबंधी अंतर्राष्ट्रीय सहयोग और सूचना साझाकरण को मजबूत करना और भ्रष्टाचार से संबंधित संपत्ति वसूली तंत्र को मजबूत करना।

एसीडब्ल्यूजी के पहले दिन, 'लिंग और भ्रष्टाचार' पर एक साइड इवेंट भी आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम में विदेश और संस्कृति राज्य मंत्री भारत सरकार मीनाक्षी लेखी ने मुख्य भाषण दिया। इस आयोजन के दौरान राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञों ने भ्रष्टाचार के लैंगिक पहलुओं पर विचार-विमर्श किया। जिस तरह से महिला सशक्तिकरण आंतरिक रूप से भ्रष्टाचार विरोधी पहलुओं से जुड़ा हुआ है और लैंगिक संवेदनशील शासन और नीति निर्माण की आवश्यकता है।प्रतिनिधियों को ऋषिकेश में प्रवास के दौरान भारत की समृद्ध संस्कृति, विरासत और व्यंजनों के स्वाद लेने का भी अवसर प्राप्त हुआ।ज्ञात हो कि जी-20 एंटी-करप्शन वर्किंग ग्रुप की दूसरी बैठक, जिसका उद्घाटन 25 मई को रक्षा और पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट्ट ने किया थाभारत एंटी-करप्शन वर्किंग ग्रुप मीटिंग की तीसरी बैठक के लिए 9-11 अगस्त को फिर से कोलकाता में प्रतिनिधियों की मेजबानी करने के लिए उत्सुक है। भ्रष्टाचार के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय लड़ाई को मजबूत करने के जी20 एजेंडे को और गति प्रदान करने के लिए भारत अब तक की पहली व्यक्तिगत भ्रष्टाचार विरोधी मंत्रिस्तरीय बैठक की मेजबानी भी करेगा।

## गुजीं पहुचें राज्यपाल गुरमीत सिंह



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

सेवानिवृत्त राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह शनिवार को जनपद पिथौरागढ़ के दूरस्थ और सीमावर्ती गांव गुंजी, नाबीढांग, कुटी और ज्योलिकोंग के दौरे पर रहे। सामरिक दृष्टि से अति महत्वपूर्ण इन क्षेत्रों का भ्रमण कर राज्यपाल ने यहां रह रहे लोगों सहित सेना, आईटीबीपी, एसएसबी और बीआरओ के जवानों से मुलाकात की। राज्यपाल ने यहां पर सुरक्षाबलों के जवानों से मिलकर उनकी कुशलक्षेम पूछी तथा जवानों का हौसला बढ़ाया।राज्यपाल ने कहा कि उच्च पर्वतीय क्षेत्रों की विषम परिस्थितियों में हमारे जवानों द्वारा निःस्वार्थ सेवाभाव से अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया जा रहा है। उनके कारण हम और हमारा देश सुरक्षित है। इन जवानों के समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा पर प्रत्येक देशवासी को गर्व है। उन्होंने जवानों से उनकी समस्याओं तथा चुनौतियों के बारे में भी चर्चा की।इस दौरान राज्यपाल ने सीमावर्ती क्षेत्रों के ग्रामीणों से बातचीत कर उनकी समस्याओं और चुनौतियों से रूबरू हुए। गुंजी के ग्रामीणों ने राज्यपाल को विभिन्न मांगो से संबंधित एक ज्ञापन सौंपा। उन्होंने समस्याओं के हर संभव समाधान का आश्वासन दिया। राज्यपाल ने कहा कि सीमांत क्षेत्रों में सड़कों का निर्माण तथा स्थानीय आबादी का निवास सामरिक दृष्टिकोण से बेहद महत्वपूर्ण है। सीमांत क्षेत्रों में सड़कों के निर्माण के साथ-साथ आवश्यक सुविधाओं के विकास से पलायन रूकेगा तथा रिवर्स पलायन को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही उन्होंने यात्रा मे आये पर्यटकों से भी बातचीत की।

# दिन में इस समय रहता है डेंगू मच्छरों का ज्यादा खतरा ?

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट 29 मई : गर्मी के चलते लोगों को डेंगू के मामले और कोरोना के मामलों में अंतर नहीं पता चल पा रहा है। वर्तमान समय में डेंगू के नए DENV - 2 स्ट्रोक की वजह से इसके मामले काफी गंभीर रूप से सामने आ रहे हैं। डेंगू बुखार का संक्रमण डेंगू मच्छरों के काटने से फैलता है। सामान्य रूप से मच्छर के काटने के बाद 4 दिन से लेकर 10 दिन तक इसके लक्षण मरीजों में दिखाई देते हैं। कई विशेषज्ञों का कहना है कि कुछ लोगों में इसके लक्षण 10 दिनों से ज्यादा समय के लिए भी बने रह सकते हैं। डेंगू मच्छर किस समय लोगों को सबसे ज्यादा काटते हैं और क्या दिन में इन मच्छरों का अधिक खतरा रहता है ? आइये जानते हैं विस्तार से।

डेंगू बुखार को भारत में हड्डी बुखार के रूप में भी जाना जाता है। यह बुखार एडीजी मच्छरों के काटने से होता है। एक आंकड़े के मुताबिक दुनियाभर में हर साल लगभग 400 मिलियन लोग डेंगू बुखार से संक्रमित होते हैं। डेंगू मच्छरों के काटने से आपके अंदर इसका बुखार फैलता है और इसके गंभीर लक्षण कई बार जानलेवा भी माने जाते हैं। शुरुआत में डेंगू बुखार के लक्षण दिखने पर आप इसका आसानी से इलाज कर सकते हैं लेकिन जब इसके लक्षण मरीज में काफी दिनों तक बने रहते हैं तो मामला गंभीर हो जाता है।

दिल्ली के सीताराम भरतिया अस्पताल के जनरल मेडिसिन कंसलटेंट डॉ मयंक के अनुसार डेंगू फैलाने वाले एडीजी मच्छर ज्यादातर सुबह और शाम के समय लोगों को काटते हैं।

डेंगू के एडीजी मच्छर सूर्य उगने के लगभग 2 घंटे बाद और सूर्यास्त होने के 1 घंटे पहले बहुत ज्यादा सक्रिय रहते हैं। इस समय इन्हें अधिक खतरनाक माना जाता है। दिन के इन तीन घंटों में खुद को इन मच्छरों से बचाने से आप डेंगू से बच सकते हैं। हालांकि इसके अलावा भी दिन और रात में डेंगू के मच्छर लोगों को काट सकते हैं लेकिन इन तीन घंटों में इनका प्रकोप ज्यादा रहता है।स्किन का चिपचिपा होना। मुंह, मसूड़ों और नाक से खून बहना। स्किन पर लाल रंग के ब्लड के निशान जैसे धब्बे। रक्त वाहिकाओं को नुकसान। काली उल्टी या काला मल। प्लेटलेट का अचानक से कम होना।




# अब कुत्तों की जगह गायों को यूनिट में शामिल करेगी ये पुलिस ?

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट 29 मई : अपराधियों को ढूंढने के लिए पुलिस कुत्तों का इस्तेमाल करती है। कुत्तों को स्पेशल ट्रेनिंग दी जाती है ताकि वे कानून व्यवस्थाc को बरकरार रखने में वे प्रशासन की मदद करें। लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि कुत्तों की जगह कोई और जानवर भी ये काम कर सकता है? वो भी बिना ट्रेनिंग के। मामला है अमेरिका के उत्तरी कैरोलिना का, जहां एक भगोड़े की तलाश में पुलिस काफी समय से लगी हुई थी। पुलिस ने हर जगह उस अपराधी को खोजने की कोशिश की लेकिन कामयाब नहीं हो सकी।

आपको जानकर हैरानी होगी कि लंबे समय से अपराधी को खोज रही पुलिस का काम कुछ गायों ने आसान कर दिया। 'टाइम्स नाऊ' की खबर के मुताबिक, अपराधी का पीछा कर रहे आरोपी को जब कहीं जगह नहीं मिली तो वो खेत में जा छिपा। ट्रैफिक स्टॉप से भागा अपराधी सीधे जाकर घास फूस में जा घुसा। एक प्रेस रिलीज में अधिकारियों ने कहा कि संदिग्ध ने डीप गैप में यूएस 421 और यूएस 221 के एरिया में अपना वाहन छोड़ दिया और एक ऐसे इलाके में भाग गया, जो विकसित नहीं था। उसकी तेज स्पीड और लापरवाही से गाड़ी चलाने के कारण हमारे अधिकारी ये देख नहीं सके कि वो भागा कहां है।

बताते चलें कि शख्स की पहचान 34 वर्षीय जोशुआ रसेल मिंटन के तौर पर हुई है। वो पुलिस से बच निकलने की फिराक में खेत में जा छिपा था लेकिन लंबे समय तक वहां रह नहीं सका क्योंकि नाराज गायों ने उसे अपने इलाके में टिकने ही नहीं दिया। जैसे ही अधिकारियों ने उस इलाके में खोजबीन शुरू की, वहां की गाय मानो उनका स्वागत करने लगीं। जाहिर तौर पर गाय भी संदिग्ध को अपने इलाके से बाहर निकलवाना चाहती थीं। उन्होंने एक तरह से छुपे हुए संदिग्ध को निकालने में अधिकारियों की मदद की। जब गायों ने पुलिस की मदद की तो पुलिस के अधिकारी भी कुत्तों की जगह गायों को ट्रेनिंग देने लिए कहा ?






# दुनिया का सबसे महंगा अनानास, कीमत है 1 लाख रुपए

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट 29 मई : अनानास विटामिन सी, एंटीऑक्सीडेंट और मैंगनीज और पोटेशियम जैसे खनिजों का एक समृद्ध स्रोत है. खासकर सर्दियों के मौसम में यह सेहत के लिए एक बेहतरीन फल है. लेकिन क्या आप जानते हैं कि इस फल की एक ऐसी किस्म भी है. जिसे खरीदना हर किसी के लिए मुमकिन नहीं है.  एक रिपोर्ट के मुताबिक, हेलिगन अनानास का नाम उस बगीचे के नाम पर रखा गया है, जहां वे कॉर्नवाल में उगाए जाते हैं, प्रत्येक की लागत लगभग 1,000 पाउंड स्टर्लिंग 1 लाख रुपये है. इसकी एक फसल तैयार होने में करीब दो से तीन साल का समय लगता है.

हाई-प्रोफाइल फल के मुताबिक, इस साल 1819 में ब्रिटेन लाया गया था. जल्द ही बागवानों को एहसास हो गया कि देश की जलवायु अनानास की खेती के लिए अच्छी नहीं है. इसलिए, विशेष लकड़ी के गड्ढे के आकार के बर्तनों को डिजाइन करके और इसे पोषण देने के लिए सड़ी हुई खाद की ताजा आपूर्ति और एक बैकअप हीटर जोड़कर उन्होंने एक तरकीब निकाली. गर्मी हवा को गर्म करती है जो दीवार में झरोखों के माध्यम से गड्ढों में प्रवेश करती है. ₹अनानास उगाने के लिए एक बहुत ही श्रमसाध्य फल है. अनानास की देखभाल, खाद की परिवहन लागत, अनानास के गड्ढों के रखरखाव और अन्य छोटे टुकड़ों और टुकड़ों की देखभाल करने में लगने वाले समय के साथ, प्रत्येक अनानास खरीदने में शायद हमें 1,000 पाउंड से अधिक खर्च होगा.₹ प्रवक्ता ने आगे कहा, ₹अब जब हमने सही विक्टोरियन तकनीकों को सीख लिया है, तो यह हमारे बागवानों और आगंतुकों के लिए वास्तव में फायदेमंद प्रक्रिया है.₹हेलिगन वेबसाइट ने आगे कहा कि महारानी एलिजाबेथ द्वितीय को विक्टोरियन ग्रीन हाउस में लगाया गया दूसरा अनानास उपहार में दिया गया था. उसने आगे कहा कि ये अनानास केव गार्डन से हेलिगन को उपहार में दिए गए पौधों और कैरेबियन से प्राप्त दुर्लभ व्यक्तियों का एक उदार मिश्रण हैं. उद्यान के अधिकारियों ने कहा कि अगर फल की नीलामी की जाती है, तो प्रत्येक अनानास की कीमत 10 लाख रुपये तक हो सकती है.



# नीति आयोग की गवर्निंग काउंसिल की आठवीं बैठक में शामिल हुए सीएम धामी, उत्तराखंड के लिए मांगा ग्रीन बोनस

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून, ब्यूरो रिपोर्ट, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में नई दिल्ली में आयोजित नीति आयोग की गवर्निंग काउंसिल की 8वीं बैठक में सीएम धामी ने प्रतिभाग किया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखंड के विकास में मार्गदर्शन और सहयोग के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्र सरकार का आभार व्यक्त करते हुए राज्य से संबधित विभिन्न विषयों को रखा।ग्रीन बोनस– मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के लगभग 70 प्रतिशत क्षेत्र में वनों, बुग्यालों, ग्लेशियरों का संरक्षण करके हम सम्पूर्ण राष्ट्र को महत्वपूर्ण पर्यावरणीय सेवायें उपलब्ध करा रहे हैं। आईआईए-फएम, भोपाल के एक अध्ययन के अनुसार उत्तराखण्ड के वनों से प्राप्त होने वाली इन सेवाओं का न्यूनतम मौद्रिक मूल्य 95,000 करोड़ रूपये प्रतिवर्ष है। भविष्य में राज्यों के मध्य संसाधनों के आवंटन में इन वन एवं पारिस्थितिकी सेवाओं के मानक को बढ़ाने का उन्होंने अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब तक यह प्रणाली अस्तित्व में नही आती तब तक उत्तराखण्ड राज्य को ग्रीन बोनस प्रदान किया जाये।




**भ्रमणशील जनसंख्या:**

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि सामान्यतः विभिन्न केन्द्र पोषित योजनाओं में स्थिर जनसंख्या के मानक का उपयोग किया जाता है। महत्वपूर्ण तीर्थ स्थानों विशेष तौर पर चार धाम तथा कांवड़ यात्रा मे उत्तराखण्ड में बड़ी संख्या में तीर्थ यात्रियों एवं पर्यटकों का वर्ष भर आवागमन होता है, जो राज्य की जनसंख्या का पांच से छह गुना है। तीर्थ यात्रियों एवं पर्यटकों को समस्त आधारभूत सुविधायें जैसे- पार्किंग, यातायात, पेयजल, स्वच्छता, आवास, परिवहन, जन सुरक्षा इत्यादि राज्य के सीमित संसाधनों से ही करनी होती है। उन्होंने वित्तीय संसाधनों के आवंटन एवं नीति निर्माण में इस महत्वपूर्ण तथ्य को शामिल किये जाने का अनुरोध किया।

**बाह्य सहायतित परियोजनायें:**

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि राज्य की लगभग 19,000 करोड़ रूपये की 11 वाह्य सहायतित परियोजनायें पाइप लाइन में हैं। इन परियोजना प्रस्तावों पर नीति आयोग,डी.ई.ए, सम्बन्धित केन्द्रीय मंत्रालयों से संस्तुति तथा फण्डिंग ऐजेन्सियों से सैद्धान्तिक सहमति प्राप्त हो चुकी है। राज्य के वित्तीय संसाधन बहुत सीमित हैं जिस कारण ई.ए.पी तथा सी.एस.एस पर ही हमारी निर्भरता है। वित्त मंत्रालय के आदेश के अनुसार उत्तराखण्ड एवं हिमाचल प्रदेश हेतु इसमें ceiling लगायी गयी है। इन परियोजनाओं पर कटौती किये जाने से राज्य में अवस्थापना सुविधाओं के सृजन तथा आजीविका के अवसर बाधित हो जायेंगे। उन्होंने प्रधानमंत्री जी से इसका समुचित समाधान करवाने का अनुरोध किया।

**ऊर्जा:**

मुख्यमंत्री धामी ने राज्य में 25 मेगावाट से कम लघु एवं सूक्ष्म जल विद्युत परियो-जनाओं की ही उत्पादन क्षमता लगभग 3500 मेगावाट है। इसमें से मात्र 200 मेगावाट का ही दोहन हो रहा है। उन्होंने अनुरोध किया कि 25 मेगावाट से कम क्षमता की परियोजनाओं के अनुमोदन तथा क्रियान्वयन का अधिकार राज्य सरकार को प्रदान किया जाए। इस निर्णय से लगभग 3000 मेगावाट तक विद्युत क्षमता का उपयोग शीघ्र करके विकसित भारत@2047 के विजन के अन्तर्गत स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन करते हुए नेट जीरो के लक्ष्यों को हासिल करने में भी सहयोग दे पायेंगे।

**नदी जोड़ो परियोजना:**

मुख्यमंत्री ने कहा कि महत्वाकांक्षी नदी जोड़ो योजना के अन्तर्गत राज्य सरकार द्वारा कुछ हिमनद नदियों को वर्षा आधारित नदियों से जोड़ने पर विचार किया जा रहा है। ऐसी अति महत्वपूर्ण ''नदी-जोड़ो परियोजना'' के क्रियान्वयन हेतु अत्यधिक धनराशि की आवश्यकता है, इसके लिये मुख्यमंत्री ने भारत सरकार से विशेष वित्तीय सहायता एवं तकनीकी सहयोग का अनुरोध किया।

## प्रदेश में लगेंगी आठ हजार सैनेटरी पैड मशीनें

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून। महिला सशक्तिकरण बाल विकास विभाग महिलाओं को सस्ते सैनेटरी पैड उपलब्ध कराने के लिए अलग - अलग स्थानों पर आठ हजार वैंडिंग मशीनें लगाने जा रहा है। जहां महिलाओं को पांच रुपए में दो सैनेटरी पैड मिल सकेंगे। रविवार को विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस के मौके पर, सीएम आवास में आयोजित कार्यक्रम में विभागीय मंत्री रेखा आर्या और कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने 'मेरी सहेली' सैनेटरी पैड वैंडिंग मशीन की शुरुआत की। इस मौके पर विभागीय मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि लड़कियों में पर्सनल हाईजीन, स्वास्थ्य में जागरुकता के लिए यह कार्यक्रम शुरू किया गया है। कहा कि उक्त आठ हजार वैंडिंग मशीनें स्कूल, कॉलेज, आंगनबाड़ी केंद्रों, अस्पताल समेत लड़कियों और महिलाओं की पहुंच वाले क्षेत्रों में लगाई जाएंगी। जहां से पांच रुपये में दो सैनेटरी पैड मिल सकेंगे। कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि आज भी इस संबंध में महिलाएं खुलकर बात नहीं करती हैं। किशोरी एवं महिलाएं माहवारी के समय घरेलू कपड़े का उपयोग करती हैं जो स्वास्थ्य के लिहाज से ठीक नहीं है। इससे संक्रमण का खतरा बना रहता है। जबकि मशीन से तैयार सैनेटरी पैड पूरी तरह सुरक्षित होते हैं। विभागीय मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नवंबर 2021 में महिलाओं को उनके घर के निकट ही नैपकिन उपलब्ध कराने की घोषणा की थी। इसी क्रम में प्रथम चरण में 10 करोड़ की धनराशी जारी हो गई है। जिससे यह कार्यक्रम शुरू किया जा रहा है।

घर के निकट मिलेगी सुविधा - जोशी

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि अब बालिकाओं और महिलाओं को सैनेटरी पैड सार्वजनिक स्थानों पर मिल सकेंगे। उन्होंने कहा कि पहले माहवारी के बारे में लोगों में जागरूकता की कमी थी, अब समाज इसे जैविक प्रक्रिया के रूप में स्वीकार कर चुका है। कार्यक्रम में उपस्थित महिला चिकित्सकों ने बालिकाओं को माहवारी को लेकर जागरुक किया। इस अवसर पर राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अनु सचिव एसके सिंह, उपनिदेशक विक्रम सिंह, मुख्य परिवीक्षा अधिकारी मोहित चौधरी, उप मुख़्य परिवीक्षा अधिकारी अंजना गुप्ता उपस्थित रहे।

## यूसीसी पर दिल्ली में अंतिम संवाद जल्द

देहरादून। समान नागरिक संहिता को लेकर गठित कमेटी, जून दूसरे सप्ताह तक दिल्ली में प्रवासी उत्तराखंडवासियों के साथ संवाद करेगी। गत सप्ताह देहरादून में जनसंवाद को लेकर जनता में देखे गए उत्साह के बाद, कमेटी ने दिल्ली में भी प्रवासी उत्तराखंड वासियों की राय लेने का निर्णय लिया है। इसके बाद कमेटी के पास सिर्फ ड्राफ्टिंग का काम शेष बचेगा। इधर, देहरादून में आयोजित संवाद से प्राप्त सुझावों पर कमेटी ने ड्राफ्टिंग का काम तेज कर दिया है, कमेटी जून अंत तक अपनी रिपोर्ट फाइनल करने की तैयारी कर रही है। सूत्रों के अनुसार कमेटी, धार्मिक, जनजातीय समूहों के मुद्दों के साथ ही महिलाओं और बाल अधिकारों को मजबूत करने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दे सकती है।

## 2.44 ग्राम स्मैक के साथ एक नाबालिग युवक गिरफ्तार

बागेश्वर। कोतवाली पुलिस व एसओजी की टीम ने बिलौना स्थित एआरटीओ कार्यालय के पास से एक नाबालिग को 2.44 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस उसे कोतवाली ले आई। अब उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। जिले में चरस और स्मैक का कारोबार लगातार फल-फूल रहा है। पुलिस की लगातार कार्रवाई के बाद भी इसमें कमी नहीं आ रही है, जबकि चरस व स्मैक की तस्करी के मामले में लगातार न्यायालय से सजा भी हो रही है।

## सिटी बस महासंघ ने की मैजिक के स्टेज कैरिज परमिट रद करने की मांग

देहरादून। महानगर सिटी बस महासंघ ने मैजिक वाहनों के स्टेज कैरिज परमिट निरस्त करने की मांग की है। आरोप लगाया कि मैजिक वाहनों को स्टेज कैरिज परमिट नियम विरुद्ध दिए गए हैं। चेताया कि यदि 15 दिन के भीतर परमिट रद नहीं हुए तो सिटी बस संचालक न्यायालय में याचिका दायर करेंगे। महासंघ के अध्यक्ष विजय वर्धन डंडरियाल ने बताया कि 2014 में परिवहन विभाग ने हाईकोर्ट में कहा था कि विक्रम और मैजिक स्टेज कैरिज परमिट नहीं दिए जाएंगे, बावजूद इसके स्टेज कैरिज परमिट दिए गए, जो नियम के विपरीत है। उन्होंने 15 दिन के भीतर परमिट रद करने की मांग की है।

## पेंशन बढ़ोत्तरी न होने पर आंदोलन की चेतावनी

देहरादून। पेंशन बढ़ोत्तरी की मांग को लेकर उत्तराखंड ईपीएस 95 पेंशनर्स ने आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी। रिटायर ईपीएस 95 पेंशनरों ने आंदोलन की रणनीति बनाई। सरकार से न्यूनतम पेंशन 7500 रुपये के साथ डीए का लाभ देने की मांग की। गांधी रोड पर स्थित ऑफिस में हुई बैठक में गढ़वाल और कुमाऊं मंडल से संगठन के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। एनएसी उत्तराखंड के संगठन सचिव संजीव डोभाल ने कहा कि जून में एनएसी उत्तराखंड एक दिवसीय अधिवेशन होगा। इसमें बड़ी संख्या में कर्मचारी और पेंशनर्स मौजूद रहेंगे। अधिवेशन में राष्ट्रीय संघर्ष समिति के अध्यक्ष अशोक राऊत और राष्ट्रीय महासचिव विरेन्द्र सिंह रजावत भी मौजूद रहेंगे। जगत सिंह डोभाल ने कहा कि एक ओर सरकार सबका साथ सबका विकास का नारा दे रही है। वहीं दूसरी ओर पेंशनर्स की पेंशन बढ़ोत्तरी की मांग को पूरा नहीं किया जा रहा है। पेंशनर्स को एक हजार रुपये भी पेंशन नहीं मिलती। इसे बढ़ा कर 7500 रुपये किया जाए। इस पर नियमित रूप से महंगाई भत्ते का भी लाभ दिया जाए। यदि मानसून सत्र में इस मांग पर विचार नहीं किया गया, तो देश भर में आंदोलन तेज किया जाएगा। लोकसभा से लेकर विधानसभा चुनाव में इसका असर नजर आएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### ढुंगागाड़ गधेरे में लगातार आठवें रविवार को चला सफाई अभियान

बागेश्वर। मंडलसेरा के ढुंगगाड़ गधेरे में स्वच्छता अभियान आठवें रविवार भी जारी रहा। करीब एक घंटे तक चले अभियान के दौरान झाडियों का कटान और सफाई की गई। रेडक्रॉस सोसायटी के तत्वाधान में मंडलसेरा के ढुंगगाड़ गधेरे को स्वच्छ बनाने का अभियान चलाया है। चेयरमैन संजय साह जगाती के नेतृत्व और वृक्ष पुरुष किशन सिंह मलड़ा के मार्गदर्शन में सफाई चलाया जा रहा है। अब तक 600 मीटर के करीब सफाई की जा चुकी है। रेडक्रॉस के जिला सचिव आलोक पांडे ने बताया कि गधेरे को पूरा साफ करने तक अभियान चलेगा। इस मौके पर सोसायटी के कोषाध्यक्ष जगदीश उपाध्याय, डॉ. हरीश दफौटी, शंकर पांडेय, आरपी कांडपाल, कवि कांडपाल, कृष्णा पांडे, जस्विनी पाण्डे, सुनील शर्मा, वेदप्रकाश पांडेय, कन्हैया वर्मा, मौजूद रहे।

### नगर पालिका के लिए सिरदर्द बनते जा रहे आवारा जानवर

बागेश्वर। आवारा जानवरों की समस्या से नगर की जनता को निजात नहीं मिल रही है। नगर पालिका ने जनवरी में सभी आवारा जानवर बाजपुर गोसदन भेज दिया था, लेकिन एक बार फिर नगर के सडक़ों पर आवारा जानवरों ने डेरा डाल दिया है। आवारा जानवरों के कारण जहां एक ओर राहगीरों को खतरा बना हुआ है वहीं आए दिन यातायात भी प्रभावित होता रहता है। मालूम हो कि शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के पशुपालकों द्वारा बछड़ा और बूढ़ी गायों को छोड़ दिया जाता है। यह जानवर सडक़ों को ही अपना डेरा बना लेते हैं। बागेश्वर नगर में इस समय लगभग दो दर्जन से अधिक आवारा जानवर घूम रहे हैं। सडक़ों पर घूमने वाले सांड अब तक बाजार में हमला कर छह लोगों को घायल कर चुके हैं। इन जानवरों ने विकास भवन को जाने वाले पुल पर डेरा बनाया हुआ है। जहां से वाहनों के ही निकलने में नहीं बल्कि राहगीरों को भी परेशानी उठानी पड़ती है। इस समस्या को देखते हुए नगरपालिका ने जनवरी में सभी आवरा जानवरों को बाजपुर स्थित गौ सदन भेजे।

### कर्मचारी पेंशन बढ़ाने को लेकर करेंगे आंदोलन

देहरादून। सेवानिवृत्त ईपीएस-95 पेंशनरों ने पेंशन बढ़ाने की मांग की है। चेताया कि यदि सरकार जल्द पेंशन नहीं बढ़ाती है तो पेंशनर आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। रविवार को रोडवेज के गांधी रोड स्थित कार्यालय में हुई बैठक में वक्ताओं ने कहा कि ईपीएस-95 पेंशनर लंबे समय से पेंशन बढ़ाने की मांग कर रहे हैं। कई बार धरना प्रदर्शन भी कर चुके हैं, लेकिन सरकार उनकी मांग को गंभीरता से नहीं दे रही है, अब मजबूरन कर्मचारियों को बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ रहा है। बैठक में निर्णय लिया गया कि जून महीने से सेवानिवृत्त और सेवारत कर्मचारियों का अधिवेशन होगा। इसमें आंदोलन की रणनीति तय की जाएगी। इस मौके पर एनएसी उत्तराखंड के संगठन सचिव संजीव डोभाल, जगत सिंह डोभाल, सुरेश डंगवाल, कर्मचारी/अधिकारी निगम महासंघ के प्रान्तीय अध्यक्ष दिनेश गुसाईं, उपाध्यक्ष सत्य प्रकाश, संगठन सचिव संजीव डोभाल, प्रकाश बिजल्वाण, रामप्रकाश, सुभाष शाह, रामबाबू यादव, दीपक पुन्न, बीएस रावत, नरेन्द्र त्यागी आदि मौजूद रहे।

### राज्य आंदोलनकारियों के क्षैतिज आरक्षण पर फैसला न होने पर जताई नाराजगी

देहरादून। उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी मंच ने राज्य आंदोलनकारियों के लम्बित मामलों पर हीला हवाली को लेकर नाराजगी जताई है। आंदोलनकारियों का कहना है कि उनके सब्र का बांध टूट रहा है साथ ही जिला प्रशासन जिस तरह से राज्य आंदोलनकारियों को चक्कर कटवा रहा है उससे स्थितियां सुलझने के बजाय उलझती जा रही हैं।

# उत्तराखंड : फेल छात्र-छात्राओं के लिए राहत की खबर, पास होने के मिलेंगे तीन मौके

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

उत्तराखंड 29 मई ; उत्तराखंड बोर्ड की 10वीं और 12वीं की परीक्षा में एक और दो विषयों में फेल छात्र-छात्राओं के लिए राहत की खबर है। शासन की ओर से अंक सुधार परीक्षा का शासनादेश जारी कर दिया गया है। इसमें कहा गया है कि हाईस्कूल में दो और इंटरमीडिएट में एक विषय में फेल छात्र-छात्राओं को पास होने के तीन अवसर दिए जाएंगे।शिक्षा सचिव रविनाथ रमन की ओर से जारी आदेश के मुताबिक हाईस्कूल में अधिकतम दो विषयों और इंटरमीडिएट में एक विषय में फेल छात्र अंक सुधार परीक्षा दे सकेंगे। इसके अलावा वे छात्र भी अंक सुधार परीक्षा दे सकेंगे जो समझते हैं कि उन्हें अपेक्षित अंक नहीं मिले इसके लिए छात्र-छात्राओं को परीक्षा परिणाम जारी होने के तीन सप्ताह के भीतर या फिर उत्तराखंड बोर्ड की ओर से तय तिथि के भीतर आवेदन करना होगा। हाईस्कूल स्तर पर परीक्षा फल सुधार के लिए परीक्षा शुल्क दो सौ रुपये प्रति विषय एवं 50 रुपये प्रमाण पत्र सह अंकपत्र के रूप में देय होगा।

हालांकि अनुसूचित जाति, जनजाति एवं दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए परीक्षा शुल्क सौ रुपये रखा गया हैं। जबकि इंटरमीडिएट में परीक्षा फल सुधार के लिए परीक्षा शुल्क के रूप में तीन सौ रुपये देने होंगे। आदेश में कहा गया है कि परीक्षाफल सुधार परीक्षा एक समयबद्ध कार्यक्रम के रूप में आयोजित की जाएगी। शासन के इस आदेश से उत्तराखंड बोर्ड की परीक्षा में फेल हुए 20800 छात्र-छात्राओं को पास होने का मौका मिलेगा। ये छात्र एक या दो विषय में फेल हुए।



# बारिश और बर्फबारी के बाद फिर शुरू हुई हेमकुंड साहिब यात्रा

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 29 मई ; बारिश और बर्फबारी के चलते पिछले दो दिन से प्रभावित हेमकुंड साहिब की यात्रा दोबारा सुचारू हुई। घांघरिया से 14 सौ तीर्थ यात्रा हेमकुंड साहिब के लिए रवाना हुए, जबकि गोविंदघाट से 700 तीर्थयात्री घांघरिया के लिए रवाना हुए हैं। हेमकुंड साहिब में कड़ाके की ठंड पड़ रही है, लेकिन श्रद्धालुओं के उत्साह में कमी नहीं है। दूसरी तरफ हेमकुंड साहिब की यात्रा के लिए पंजीकरण पर लगी रोक हटा दी गई है। शुक्रवार दोपहर को पर्यटन विभाग ने ऑफलाइन और ऑनलाइन पंजीकरण खोल दिया है। खराब मौसम को देखते हुए सरकार ने हेमकुंड साहिब की यात्रा के लिए ऑफलाइन और ऑनलाइन पंजीकरण पर रोक लगाई थी।

हेमकुंड साहिब की यात्रा 20 मई से शुरू हुई थी। अब तक 63 हजार से अधिक यात्री पंजीकरण कर चुके हैं, जबकि छह हजार से अधिक ने दर्शन किए हैं। मौसम सामान्य होने के बाद हेमकुंड साहिब के तीन किलोमीटर आस्था पथ पर जमी बर्फ को हटा लिया गया है। यहां दिनभर आस्था पथ से बर्फ हटाने का काम जारी रहा जिस कारण यात्री नहीं भेजे गए। घांघरिया में 1600 और गोविंदघाट गुरुद्वारे में करीब 600 श्रद्धालु हेमकुंड साहिब जाने का इंतजार कर रहे थे।गोविंदघाट गुरुद्वारे के वरिष्ठ प्रबंधक सरदार सेवा सिंह ने बताया कि अटल कुड़ी ग्लेशियर के समीप तीर्थयात्रियों की सुरक्षा के लिए एसडीआरएफ की टीम तैनात है। हेमकुंड साहिब में प्रतिदिन दोपहर बाद मौसम खराब हो रहा है, जिससे तीर्थयात्रा में व्यवधान उत्पन्न हो रहा है।वहीं बदरीनाथ धाम की तीर्थ यात्रा भी सुचारू चल रही है। सुबह 8:00 बजे तक 735 तीर्थयात्रियों ने भगवान बदरी विशाल के दर्शन किए।जनपद में दोपहर बाद फिर मौसम खराब होने के आसार हैं। केदारनाथ की ओर से आसमान में घने बादल छाए हुए हैं।



# यूपीएससी में 348 रैंक हासिल करने वाले हिमांशी सामंत को मंत्री गणेश जोशी ने सम्मानित किया



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून,29 मई। यूपीएससी परीक्षा में देहरादून के विजय कॉलोनी निवासी हिमांशु सामंत को 348 रैंक हासिल करने और बद्रीनाथ कॉलोनी निवासी नेहा प्रजापति ने उत्तराखंड बोर्ड से कक्षा 12वीं में 92.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश के नाम रोशन किया है। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने दोनों प्रतिभावान विद्यार्थियों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की , गौरतलब है कि यूपीएससी परीक्षा में मसूरी विधानसभा के अंतर्गत देहरादून निवासी हिमांशु सामवंत ने 348 रैंक हासिल कर देहरादून के साथ ही प्रदेश के साथ ही प्रदेश का नाम भी रोशन किया है। ज्ञात हो कि हिमांशु सामंत वर्तमान में उत्तर प्रदेश के शामली में तहसीलदार पद पर तैनात हैं। जिसके बाद हिमांशु ने कड़ी मेहनत की बदौलत यूपीएससी परीक्षा उत्तीर्ण कर राज्य का नाम रोशन किया है। वहीं देहरादून निवासी नेहा प्रजापति के पिता जी मजदूरी का कार्य करते है।

नेहा ने 12वीं कक्षा में 92.60% अंक हासिल कर परिवार वालों के साथ ही प्रदेश का मान भी बढ़ाया है। मंत्री गणेश जोशी ने कहा आज बेटियों हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही है। उन्होंने प्रतिभावान विद्यार्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं भी दी। इस अवसर पर हिमांशु सामंत के पिता जनक सामंत, मण्डल अध्यक्ष प्रदीप रावत, डॉ बबीता सहोत्रा, मनजीत रावत, पार्षद सत्येंद्र नाथ, ओम प्रकाश बवाडी सहित कई अन्य उपस्थित रहे।

# उत्तराखंड : अंग तस्करी रोकने के लिए, ब्रेन डेड मरीजों के लिए बनाई विशेषज्ञ समिति

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

उत्तराखंड 29 मई : उत्तराखंड में अंग तस्करी रोकने के लिए सरकार ने सख्त कदम उठाए हैं। ब्रेन डेड मरीजों के परिजनों की स्वेच्छा से होने वाले अंग प्रत्यारोपण के लिए स्वास्थ्य विभाग ने छह विशेषज्ञ डॉक्टरों की समिति का गठन किया है। शासन की अनुमति के बाद स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ. विनीता शाह ने भी इस संबंध में आदेश जारी किए हैं। अंग प्रत्यारोपण का मामला समिति के समक्ष रखा जाएगा। समिति की राय के बाद ही ब्रेन डेड मरीज के अंगों का प्रत्यारोपण हो पाएगा।

ब्रेन डेड मरीज के अंगों का प्रत्यारोपण करने के लिए गठित कमेटी में स्वास्थ्य विभाग के दो विशेषज्ञ डॉक्टरों को नामित किया गया है।दून मेडिकल कॉलेज के न्यूरो सर्जन और कोरोनेशन जिला अस्पताल से आईसीयू विशेषज्ञ डॉक्टर शामिल हैं, जबकि इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) की ओर से चार विशेषज्ञ डॉक्टरों को कमेटी में नामित किया गया है। विशेषज्ञ कमेटी गठित होने के बाद अस्पतालों को ब्रेन डेड मरीज के अंगों का प्रत्यारोपण करने से पहले अनुमति लेनी होगी। समिति की राय पर ही अस्पताल अंगों का प्रत्यारोपण कर सकेंगे। कई लोग जीवित रहते ही देह और अंगदान का शपथ पत्र भरते हैं। ब्रेन डेड मरीजों के परिजनों की सहमति पर अंग प्रत्यारोपण किया जाता है। अस्पतालों में ब्रेन डेड मरीज के अंग प्रत्यारोपण का कोई मामला सामने आता है तो पहले एक्सपर्ट कमेटी के सामने इसे पेश किया जाएगा।परिजनों की स्वेच्छा जताने पर कमेटी राय देगी। इसके बाद अंग प्रत्यारोपण किया जा सकेगा। स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ. विनीता शाह का कहना है कि शासन की अनुमति के बाद ब्रेन डेड मरीजों के अंगों के प्रत्यारोपण के लिए छह सदस्यीय विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमेटी का गठन किया गया। इसमें चार विशेषज्ञ डॉक्टर निजी अस्पतालों के नामित हैं।



# बच्चों ने बनाया बेहद खास हेलमेट, शराब पीने के बाद स्टार्ट नहीं होगी बाइक

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 29 मई : ड्रिंक एंड ड्राइव के मामले अक्सर देखने सुनने को मिल ही जाते हैं. इस तरह के हादसों में बड़ी संख्या में लोग हादसे का शिकार हो जाते हैं. रांची के स्कूल में बच्चों एक ऐसा हेलमेट तैयार किया है, जो इस तरह की घटना पर रोक लगा सकता है.

इसके लिए बच्चों ने हेलमेट में एक स्पेशल चिप लगाया है. इसकी वजह से शराब पीकर बाइक चलाने वालों पर नकेल कसी जा सकेगी. सेंट जेवियर स्कूल के 4 बच्चों ने इसे प्रोटोटाइप को तैयार किया है. छात्रों ने सेंसर वाला एक हेलमेट का प्रोटोटाइप बनाया है.

अगर प्रोटोटाइप को असल जिंदगी में विकसित कर लिया गया, तो ड्रिंक एंड ड्राइव पर लगाम लगेगी. हेलमेट में एक ऐसी चिप लगी है, जो बाइक राइडर के नशे में होने पर अलर्ट भेजेगी हेलमेट की भेजे अलर्ट की वजह से बाइक स्टार्ट ही नहीं होगी.

छात्र आगे चलकर एक और चिप विकसित करना चाहते हैं, जिसकी वजह से हेलमेट ना होने या फिर अच्छे ना पहनने पर बाइक स्टार्ट न हो. ड्रिंक एंड ड्राइव से होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सेंट जेवियर स्कूल के 6 वीं क्लास के चार बच्चों ने सेंसर वाले इस खास हेलमेट को तैयार किया है. हेलमेट में लगी चिप ना सिर्फ शराब के स्मेल को डिटेक्ट करती है, बल्कि बाइक को स्टार्ट होने से भी रुकेगी. बच्चे एक और ऐसी ही चिप। तैयार करना चाहते हैं, जिसकी वजह से बिना हेलमेट बाइक स्टार्ट नहीं होगी. स्कूल के वाइस प्रिंसिपल और टीचर ने बताया कि इस अनोखे हेलमेट का प्लान बच्चों ने तैयार किया था. उन्होंने सिर्फ उन्हें गाइड किया. उन्होंने कहा कि बच्चे गुणवान होते हैं. उन्हें सिर्फ दिशा देने की जरूरत होती है. मौजूदा समय में बच्चों के प्रैक्टिकल अप्रोच पर विशेष ध्यान देना चाहिए. ट्रैफिक सुरक्षा पर काम के लिए चर्चित ऋषभ आनंद ने बताया कि झारखंड में हर साल सड़क हादसों में करीब 3,500 लोगों की जान जाती है. इसमें सबसे ज्यादा मौत ओवर स्पीड की वजह से होती है. सबसे ज्यादा बाइक राइडर्स जान गंवाते हैं. उन्होंने कहा कि बच्चों ने ड्रिंक एंड ड्राइव और बिना हेलमेट बाइक स्टार्ट न होने.का बेहतरीन तरीका ढूंढा है. जब ये सिस्टम पूरी तरह से डेवलप हो जाएगा। तो वह हेलमेट निर्माता कंपनियों से इन खूबियों को जोड़ने की पहल जरूर करेंगे.



# चारधाम यात्रा पर 55 वर्ष से अधिक उम्र के पुलिसकर्मियों की ड्यूटी नही लगाने के निर्देश

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून, ब्यूरो रिपोर्ट, पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार ने बताया कि चारधाम यात्रा पर आ रहे श्रद्धालुओं के सगुम दर्शन और सुरक्षित चारधाम यात्रा के लिए उत्तराखण्ड पुलिस के जवान समर्पित हैं। अभी तक 15 लाख से अधिक (गंगोत्री- 3,12,422, यमुनोत्री- 2,82,857, केदारनाथ- 5,37,065, बदरीनाथ- 4,39,782, हेमकुण्ड साहिब- 8,551) श्रद्धालु चारधाम दर्शन कर अपने गनतव्यों को प्रस्थान कर चुके हैं।हाईएल्टीट्यूड, विपरीत परिस्थितियों, लम्बी ड्यूटी और पुलिसकर्मियों के स्वास्थ्य को देखते हुए 55 वर्ष से अधिक उम्र के पुलिसकर्मियों की चारधाम ड्यूटी नहीं लगाने हेतु समस्त जनपद प्रभारियों का निर्देशित किया है।



# पेट में गर्मी बढ़ने पर दिखते हैं ये 7 लक्षण

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 29 मई ; पेट में गर्मी के पीछे कई कारण हो सकते हैं। यह आमतौर पर किसी स्वास्थ्य समस्या या जीवन शैली की खराब आदतों के कारण देखने को मिलती है। जब पेट में गर्मी बढ़ जाती है, तो इसकी वजह से व्यक्ति को काफी असजता का सामना करना पड़ता है। इसमें पेट में जलन और दर्द जैसी समस्याएं देखने मिलती हैं। हालांकि, इस तरह के लक्षण पेट से जुड़ी आम स्थितियों में भी दिखते हैं। इसलिए अक्सर लोगों को यह समझने में काफी समय लग जाता है, कि लक्षण किसी आम स्थिति के कारण हैं या पेट में गर्मी के बढ़ने के कारण।



हालांकि, पेट में गर्मी बढ़ने पर जलन और दर्द के अलावा भी कई संकेत और लक्षण भी देखने मिलते हैं, जिनकी मदद से आप अपने पेट में गर्मी की स्थिति का पता लगा सकते हैं। इन लक्षणों और पेट में गर्मी के इलाज के बारे में जानने के लिए हमने नारायण मल्टी-स्पेशलिटी अस्पताल के गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग के डॉ अभिषेक जैन से बात की। इस लेख हम हम आपको इसके बारे में विस्तार से बता रहे हैं।

पेट में गैस

जलन

ब्लोटिंग

मतली

भूख कम लगना

पेट में दर्द और ऐंठन

कुछ मामलों में दस्त की समस्या

अगर कोई व्यक्ति सामान्य से अधिक पेट से जुड़ी इन समस्याओं का सामना करता है, तो उन्हें तुरंत डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए। क्योंकि अगर समय रहते अगर इसका उपचार नहीं किया जाता है, तो यह कई गंभीर समस्याओं जैसे आंत में छाले, सूजन आदि का भी कारण बन सकता है।

## संक्षिप्त खबरें

### ताइक्वांडो चैंपियनशिप के विजेताओं को नवाजा

देहरादून। पीआरडी हॉल तपोवन में दून कप ताइक्वांडो एंड पूमसे चैंपियनशिप 2023 का आयोजन किया गया। इसमें रायपुर ने प्रथम, नेहरूग्राम ने द्वितीय, राजेस्तु ने तृतीय और बड़ोवाला ने चतुर्थ स्थान हासिल किया। बालिका वर्ग में अंडर 18 में महक गौड़, अंडर 29 में भव्या जोशी, अंडर 35 में नंदिनी सिंह, रिद्धिमा चंदोला ने स्वर्ण पदक जीता। बालक वर्ग में अंडर 21 सहिष्णु सिंह नेगी और अंडर 29 में अर्थजय ने स्वर्ण पदक जीता। इन्हें सम्मानित किया गया। इस दौरान जिला ताइक्वांडो संघ देहरादून के महासचिव शशिकांत शर्मा, उपाध्यक्ष अनुराग मिश्रा, आर्गनाइजिंग सक्रेटरी मयंक दीक्षित आदि मौजूद रहे।

### दून लाइब्रेरी में पियानो और सितार की जुगलबंदी

देहरादून। दून पुस्तकालय एवं शोध केंद्र के सभागार में देर शाम पियानो वादक मिलन सुजुक और सितार वादक आलोक मैती की जुगलबंदी देखते ही बनी। रोलैण्ड इलैक्ट्रिक पियानो और सितार के संगीत की अद्भुत प्रस्तुति ने श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया। दोनों कलाकारों ने जैज और हिन्दुस्तानी शास्त्रीय संगीत की एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दीं। आलोक मैती हिंदुस्तानी शास्त्रीय सितार बजाते है और अपने वादन के लिए रागदारी रचना का उपयोग करते हैं। वहीं मिलान सुजुक पियानो पर जैज आशु रचनाओं के जरिये अपनी प्रस्तुति देते हैं। दोनों पिछले दो वर्षों से एक साथ संगीत की रचना करने के साथ ही अपनी प्रस्तुतियां दे रहे हैं। मिलन सुजुक सर्बियाई पियानोवादक है। इस समय वे वुडस्टॉक स्कूल मसूरी में अध्यापन कार्य कर रहे हैं। वहीं आलोक मैती ने कोलकाता के रवींद्र भारती विश्वविद्यालय से सितार में संगीत में मास्टर और लखनऊ के भातखंडे संगीत कॉलेज से संगीत विशारद की पढ़ाई की है। वह पिछले 17 वर्षों से वुडस्टॉक स्कूल मसूरी में संगीत अध्यापन कर है। इस अवसर पर दून के कई संगीत प्रेमी, लेखक, पुस्तकालय के युवा पाठक, प्रो.बीके जोशी, विभूतिभूषण भट्ट, जेके बहुगुणा, सुंदर सिंह बिष्ट, वीणा जोशी, निकोलस हॉफलैण्ड,चंद्रशेखर तिवारी, डॉ. योगेश धस्माना मौजूद रहे।

### पीएम का मन की बात कार्यक्रम अब अब चुका है जनजागरण: मेयर

रुद्रपुर। मेयर रामपाल सिंह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात का 101वां ऐपिसोड जगतपुरा शक्ति केन्द्र संख्या 6 बूथ नंबर 56 पर कार्यकर्ताओं के साथ सुना। प्रधानमंत्री की मन की बात कार्यक्रम सुनने के बाद मेयर रामपाल सिंह ने कहा कि यह कार्यक्रम आज जनजागरण बन चुका है। हमेशा से ही मन की बात कार्यक्रम के द्वारा प्रधानमंत्री ने देश और दुनिया की संस्कृति और परंपराओं से हमें अवगत कराया हैं। उन्होंने कभी भी इस कार्यक्रम का प्रयोग राजनीतिक फायदे के लिए नहीं किया। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ प्रधानमंत्री के मन की बात नहीं, जन-जन की बात है और इसके सुनने के बाद सामाजिक रूप से देश में काफी परिवर्तन देखने को मिला भी है। आज पीएम मोदी की अगुवाई में देश विकास लगातार उन्नति की ओर अग्रसर है। विदेशों में नए भारत की पहचान बनी है। हम विश्वगुरु बनाने के राह पर अग्रसर हैं। प्रधानमंत्री अपनी राजनीति और कूटनीति से भारत को सबसे आगे ले जाने की ओर अग्रसर हैं। इस अवसर पर पार्षद निमित शर्मा, मंडल महामंत्री राधेश शर्मा, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी बबलू दिवाकर, विपिन पांडे, राहुल बिष्ट सूरज बासंक, हरीश मंडल,रोशन जोशी, हर्षित तिवारी, अनुज नौटियाल, मुरली यादव, गणेश दत्त पाण्डेय, पूरन लाल, राम पाल शर्मा, भरत कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

### गंगा दशहरा पर सुरक्षा बलों को अलर्ट रहने के निर्देश

उत्तरकाशी। आगामी 30 मई को गंगा दशहरा पर्व को सकुशल सम्पन्न करवाने को लेकर एसपी अर्पण यदुवंशी ने गंगोत्री में नियुक्त पुलिस बल की बैठक ली। उन्होंने धाम में सुरक्षा के दृष्टिगत ड्यूटी पर तैनात कार्मिकों को भीड़ भाड़ वाले स्थान तथा घाटों पर विशेष सतर्क रहने के निर्देश दिए। बता दें कि 30 मई को गंगा अवतरण हुआ था। यही वो दिन है जब गंगा स्वर्ग से पृथ्वी पर अवतरित हुई थीं। गंगा दशहरा में गंगोत्री धाम में खासी भीड़ भाड़ का माहौल रहता है। इसको लेकर एसपी अर्पण यदुवंशी ने सुरक्षा के दृष्टिगत संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर जरूरी दिशा निर्देश दिए। वहीं अनुज कुमार के निकट पर्यवेक्षण में गंगोत्री में निरीक्षक देवेंद्र चौहान व चौकी प्रभारी गंगोत्री उमेश नेगी ने चौकी गंगोत्री पर अधीनस्थ अधिकारी व कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए पर्व के दौरान स्नान घाटों पर नियुक्त एसडीआरएफ, फायर व क्यूआरटी के जवानों को विशेष सतर्कता बरतने को कहा। बढ़े हुये जलस्तर को देखते हुये नदी के दोनों छोरों पर रस्सा बांधने तथा देव-डोलियों व स्थानीय श्रद्धालुओं को अलग-अलग ग्रुप में स्नान करवाने के लिए कहा।

# भारत का अनोखा गांव, जहां जूते-चप्पल नहीं पहनते लोग ?

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 29 मई : भारत विविध संस्कृतियों का देश है. यहां आपको कई ऐसे गांव मिलेंगे, जहां के अपने नियम कानून हैं. कुछ दिनों पहले हमने बताया था कि हिमाचल प्रदेश में एक गांव है, जिसका अपना कानून है. वहां देश का संविधान भी एक तरह से लागू नहीं होता. वहां के लोग नियम के इतने पक्के हैं कि बाहरियों से हाथ तक नहीं मिलते. आज हम ऐसे ही एक और गांव के बारे में आपको बताने जा रहे हैं. यहां लोग जूते-चप्पल नहीं पहनते. यहां तक कि बाहर से आने वाले लोगों पर भी यही नियम लागू होता है।

हम बात कर रहे हैं आंध्र प्रदेश के गांव वेमना इंदलू की. तिरुपति से 50 किलोमीटर की दूर पर स्थित इस गांव में 25 परिवार रहते हैं. गांव की कुल आबादी 80 लोगों की है. गांव वैसे तो काफी छोटा है लेकिन यहां के नियम और परंपराएं अनोखी हैं. गांव में ज्यादातर परिवार अशिक्षित है और पूरी तरह खेती किसानी पर ही ही निर्भर है. कहा जाता है कि गांव वाले किसी अफसर से ज्यादा अपने देवता और सरपंच की बात मानते हैं.

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, यहां पटवेकरी समुदाय से जुड़े लोग रहते हैं और अपनी पहचान दोरावारलू के रूप में करते हैं. आंध्र प्रदेश में इस जाति को पिछड़े वर्ग में रखा गया है. अब बात यहां के नियमों की, तो बता दें कि यहां का कोई भी शख्स अस्पताल नहीं जाता. उनका मानना है कि ईश्वर जिनकी वे पूजा करते हैं, वह सब संभाल लेंगे. लोग तिरुपति भगवान वेंकटेश्वर की पूजा करने भी नहीं जाते, क्योंकि गांव में ही एक मंदिर है, जिसमें वे पूजा करते हैं. जब बीमार होते हैं तो यहां नीम का एक वृक्ष है, उसकी परिक्रमा करते हैं. मंदिर की परिक्रमा करते हैं पर अस्पताल नहीं जाते.




# धूप से लौटते ही करते हैं ये गलतियां तो हो जाएं सतर्क ?

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 29 मई : बीते कुछ समय से गर्मी ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। चिलचिलाती धूप और तेज गर्मी की वजह से सभी का हाल बेहाल हो रहा है। भारत के कई राज्यों में बीते दिनों हीटवेव ने लोगों को झुलसा दिया है। गर्मी के मौसम में लू और तेज धूप से अपना बचाव करना बेहद जरूरी है। लू की चपेट में आने से अक्सर काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इसके अलावा हमारी कुछ आदतें भी गर्मियों में हमें बीमार करने का बड़ा कारण होती हैं। ऐसे में अपनी कुछ आदतों में बदलाव कर आप इस मौसम में स्वस्थ रह सकते हैं। हम आपको बताएंगे कुछ ऐसी आदतों के बारे में, जिन्हें करने से आपकी सेहत पर बुरा असर पड़ सकता है। अगर आपमें भी इनमें से कोई आदत हैं, तो जल्द से जल्द इसमें सुधार कर लें, वरना यह आपकी सेहत पर भारी पड़ सकती हैं।धूप की वजह से लोग पसीने से तरबतर हो जाते हैं। ऐसे में घर आते ही पसीने से छुटकारा पाने के लिए कुछ लोग तुरंत नहाने चले जाते हैं, लेकिन आपकी यह आदत आपको बीमार बना सकती हैं। दरअसल, बाहर से आने के वजह से शरीर का टेंपरेचर बढ़ा रहता है, ऐसे में ठंडे पानी की वजह से बॉडी टेंपरेचर बिगड़ जाता है, जिससे सर्दी-जुकाम हो सकता है। चिलचिलाती धूप से वापस घर लौटने के बाद कई लोग एसी में बैठ जाते हैं। एसी की ठंडी हवा से आपको धूप और गर्मी से राहत मिल जाती है, लेकिन इसकी वजह से सेहत को काफी नुकसान भी होता है। ऐसे में जब भी आप धूप से लौटें, तो कुछ देर शरीर को तापमान को सामान्य होने दें और फिर कूलर-एसी में बैठें। कामकाज की वजह से अक्सर लोगों को धूप में बाहर निकलना पड़ता है। ऐसे में बेहद जरूरी है कि गर्मी और लू से खुद को बचाने के लिए सभी जरूरी कदम उठाए जाएं। आप इन तरीकों को अपनाकर खुद को तेज गर्मी, धूप और लू से बचा सकते हैं-गर्मी में शरीर को डिहाइड्रेट होने से बचाएं। इसके लिए आप शिकंजी, ओआरएस, नारियल पानी आदि पी सकते हैं।गर्मियों में कई सारे ऐसे फल मिलते हैं, जिनके सेवन से शरीर में पानी की कमी पूरी होती है। इसलिए कोशिश करें कि इस मौसम में खरबूजा, तरबूज, अंगूर आदि का ज्यादा से ज्यादा सेवन करें।गर्मियों में सेहतमंद रहने के लिए कोशिश करें कि आप बाहर का तला-भुना और खुले में बनाया हुआ खाना ना खाएं।गर्मियों में अपनी डाइट में प्याज और खीरा को सलाद के तौर पर जरूर शामिल करें।



# एसएसपी पौड़ी श्वेता चौबे ने नीलकण्ठ मेला क्षेत्र का लिया जायजा

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

पौड़ी 29 मई : वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी श्वेता चौबे द्वारा आगामी सावन कांवड़ मेला के दृष्टिगत शिव भक्तों के आवागमन हेतु नीलकंठ क्षेत्र में वाहन पार्किंग व्यवस्था, सड़क, पैदल मार्ग एवं कांवड़ मेला ड्यूटी में नियुक्त किए जाने वाले पुलिस बल के लिए रहने हेतु व्यवस्थाओं आदि का भ्रमण कर जायजा लिया गया। जिसके क्रम में गरूड़चट्टी, मोहन चट्टी, पीपलकोटी, जिला पंचायत पार्किंग, टैक्सी यूनियन पार्किंग का जायजा लेते हुये श्री नीलकण्ठ चौकी में बने पुलिस कंट्रोल रुम एवं श्री नीलकण्ठ क्षेत्र में लगे सी.सी.टी.वी कैमरों आदि का निरीक्षण किया गया।

यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने के लिए प्रशासन व जिला पंचायत से समन्वय स्थापित कर नीलकण्ठ मन्दिर आने वाले शिवभक्तों की सुविधा हेतु पार्किंग व्यवस्था बनाने, पैदल यात्रा करने वाले शिव भक्तों के लिये पानी की व्यवस्था करने एवं पार्वती मन्दिर से नीलकण्ठ मन्दिर परिसर तक पैदल ढ़लान वाले रास्ते पर बीच-बीच में लकड़ी के बैरियर लगाने हेतु प्रभारी निरीक्षक लक्ष्मणझूला को निर्देशित किया गया। पीपलकोटी के पास नीलकंठ जाने वाले क्षतिग्रस्त हुये सड़क मार्ग एवं अन्य स्थानों पर सड़क मार्ग को सुधारने की कार्यवाही करने के लिए लोक निर्माण विभाग व मेला क्षेत्र में चिकित्सा, पानी एवं बिजली की समुचित व्यवस्था हेतु सम्बन्धित को समय से पत्राचार करने हेतु निर्देशित किया गया। वाहनों के सुरक्षित आवागमन हेतु गरुड़ चट्टी से जिला पंचायत तक सड़क मार्ग पर विभिन्न स्थानों पर पुश्ता, पैराफिट, क्रश बैरियर निर्माण व मरम्मत हेतु सम्बन्धित विभाग से पत्राचार करने हेतु निर्देशित किया गया। कांवड़ मेला ड्यूटी में नियुक्त किए जाने वाले पुलिस बल के लिए रहने हेतु अभी से समुचित प्रबन्ध किए जाएं तथा श्री नीलकंठ क्षेत्र में पूर्व से बनी कुम्भ मेला बैरिक आदि की समुचित सफाई व्यवस्था की जाए।नीलकंठ-पुण्डरासु-मौनी बाबा गुफा पैदल मार्ग पर जंगली जानवरों से बचाव हेतु वन विभाग को वन कर्मी सशस्त्र व मय आवश्यक उपकरण के नियुक्त करने तथा मार्ग की मरम्मत, प्रकाश, शौचालय की व्यवस्था हेतु सम्बन्धित को पत्राचार करने हेतु प्रभारी निरीक्षक लक्ष्मणझूला को निर्देशित किया गया।







# भाजपा ने कांग्रेस के 9 सवालों पर किया पलटवार, कहा-कांग्रेस के 60 साल से बेहतर है भाजपा का 9 साल

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

भाजपा ने कांग्रेस के नौ सवालों पर पलटवार करते हुए कहा, हमारी सरकार ने 9 साल में कांग्रेस शासन के 60 सालों से कई गुना बेहतर कार्य किये है ।

पार्टी प्रदेश प्रवक्ता सुरेश जोशी ने पत्रकारों से अनोपचारिक बातचीत में कहा कि कांग्रेस ने अपनी आंखों में स्वार्थ की राजनैतिक पट्टी बांधी हुई है जिससे उन्हें देश का चौमुखी विकास और विश्व पटल पर बढ़ती साख दिखाई नहीं देती है। उनकी स्थिति गांधी जी के तीन बंदरों से उलट है जिन्हें न अच्छा दिखाई देता है न अच्छा सुनाई देता है, लिहाज़ा अच्छा कहना तो उनके लिए असंभव है । हाल में एक बार फिर सभी ने देखा कि किस तरह ऑस्ट्रेलिया ,अमेरिका, यूक्रेन, ब्रिटेन समेत अनेकों देशों के शीर्ष नेताओं ने प्रधानमंत्री मोदी का सम्मान किया । दुनिया मे भारतवर्ष के बढ़ते सम्मान से प्रत्येक भारतवासी गौरवान्वित महसूस कर रहा है। आज हम दुनिया में अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में नौवें स्थान से छलांग लगाकर पांचवे स्थान पर पहुंच गए हैं । इसी तरह कोरोना के बाद जब अमेरिका यूरोप समेत तमाम देशों की अर्थव्यवस्था पटरी से उतर गई है, ऐसे में भारत दुनिया का एकमात्र देश है जो इस क्षेत्र में मजबूती से आगे बढ़ रहा है और यह सब हम ही नहीं कह रहे हैं बल्कि देश दुनिया के तमाम रेटिंग एजेंसियों की रिपोर्ट साबित कर रही है । लेकिन कांग्रेस यह सब देखना ही नहीं चाहती क्योंकि उनका राजनीतिक हाजमा इससे खराब हो जाता है ।लेकिन हम अटल आयुष्मान योजना से गरीबों के स्वास्थ्य की चिंता कर रहे हैं। साथ ही कोविड-19 महामारी से बचाव और टीकाकरण में दुनिया ने भारत का लोहा माना है । जो लोग अपने राजनीतिक कारणों से महंगाई का रोना रोते हैं उन्हें अमेरिका यूरोप समेत एशिया के तमाम देशों के हालातों पर भी नजर डालनी चाहिए, जहां इस मुद्दे पर बड़े-बड़े आंदोलन हो रहे हैं ।जोशी ने भ्रष्टाचार को लेकर कांग्रेस को घेरते हुए कहा कि अपने 10 साल के यूपीए कार्यकाल और उससे पूर्व के सभी कांग्रेस सरकारों में भ्रष्टाचार ने देश को दीमक की तरह खोखला कर दिया था । लेकिन प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भ्रष्टाचारविहीन व्यवस्था का निर्माण हुआ और देश आधारभूत संरचनाओं से लेकर जनकल्याण योजनाओं के क्रियान्वयन में शानदार कार्य कर रहा है ।

## प्रतिकर की मांग को लेकर प्रदर्शन किया

उत्तरकाशी। बदहाल सडक और प्रतिकर भुगतान की मांग को लेकर उपराड़ी, साड़ा और चक्रगांव के ग्रामीणों ने नगर पालिका के मुख्यमार्ग पर ढोल नगाड़ों के साथ विशाल जुलूस प्रदर्शन किया। उपजिलाधिकारी जितेन्द्र कुमार के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजते हुए ग्रामीणों ने बदहाल रोड को सही करने और प्रतिकर का जल्द भुगतान किये जाने की मांग की है। मालूम हो कि बडक़ोट तहसील अन्तर्गत पीएमजीएसवाई विभाग के तहत विगत चार साल पहले चक्रगांव, उपराड़ी एवं साड़ा गांव के लिए मोटर मार्ग का निर्माण हुआ था, लेकिन विभाग द्वारा ग्रामीणों का प्रतिकर नहीं दिया गया। इतना ही नहीं दो साल में सडक़ गड्ढों में तब्दील हो रखी है और कई जगह रोड भूधंसाव की चपेट में आने से लगातार खतरा बना हुआ है। ग्राम प्रधान उपराड़ी शान्ति प्रसाद बेलवाल ने बताया कि पीएमजीएसवाई की लापरही की वजह से स्क्रबर और नालियां बन्द पड़ी है। इस मौके पर ग्राम प्रधान साड़ा प्रेम लाल, ग्राम प्रधान उपराड़ी शान्ति प्रसाद बेलवाल, सोबन सिंह राणा, राजेश नेगी, नत्थी नेगी, कृष्णा सिंह नेगी, शंकर प्रसाद चमोली, राधेकृष्ण उनियाल, पृथ्वी पाल सिंह नेगी आदि थे।

## संपादकीय



### लोकतंत्र में 'राजदंड' बेमानी

नए संसद भवन का लोकार्पण कर दिया गया। प्रधानमंत्री मोदी ने ही किया। तमिलनाडु के अधीनम (पुजारियों) ने प्रधानमंत्री को 'सेंगोल' सौंप दिया। सेंगोल, यानी राजदंड, चोल वंश के साम्राज्य के दौरान सत्ता-हस्तांतरण का प्रतीक रहा होगा। स्वतंत्र, संप्रभु और लोकतांत्रिक भारत में किसकी सत्ता का हस्तांतरण हुआ है? अभी तो नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री हैं। यदि 'सेंगोल' को ऐतिहासिक, धार्मिक, सांस्कृतिक विरासत के तौर पर तमिल पुजारियों ने प्रधानमंत्री को सौंपा है, तो उस 'राजदंड' को लोकसभा स्पीकर के आसन की बगल में स्थापित क्यों किया गया है? देश के प्रधानमंत्री ने अयोध्या में भगवान राम और महादेव की मूर्तियों के सामने भी दंडवत प्रणाम किया था। 'सेंगोल राजदंड' को भी दंडवत प्रणाम किया गया। क्या वह दैवीय और अवतारीय है? क्या लोकसभा का सदन 'राजदंड' के जरिए ही संचालित किया जाएगा? लोकतंत्र में हमारे पास संविधान है, जिस पर संविधान सभा के हमारे पुरखों ने खूब विमर्श किया था और डा. भीमराव अंबेडकर ने संविधान को लिखा था। समय और आवश्यकता के अनुसार हमारी संसद ने संविधान में 100 से अधिक संशोधन पारित किए हैं। भारत संविधान और कानून के जरिए सौहार्द और सहजता से चलता रहा है। अब संसद की नई इमारत में 'राजदंड' के मायने, लोकतंत्र के संदर्भ में, क्या हैं? क्या एक महान लोकतंत्र प्रतीक रूप में ही सही 'राजदंड' से हांका जा सकता है? कमोबेश प्रधानमंत्री मोदी को इसका स्पष्टीकरण देना पड़ेगा। खुद प्रधानमंत्री मोदी अपने कार्यकाल के 9 लंबे साल शासन कर चुके हैं। अचानक 'सेंगोल राजदंड' और उसके महात्म्य की याद कहां से आई? मौजूदा प्रधानमंत्री से पहले कई और प्रधानमंत्री भारत का नेतृत्व कर चुके हैं। आपातकाल का दौर छोड़ दें, तो देश में लोकतंत्र और संविधान जीवंत तौर पर क्रियान्वित रहे हैं। भाजपा के शीर्षस्थ नेता अटलबिहारी वाजपेयी भी 6 साल तक देश के प्रधानमंत्री रहे। वह ज्यादा भारतीय, सांस्कृतिक, समन्वयवादी और उदार प्रधानमंत्री थे। उनके कार्यकाल में खुफिया एजेंसियों और वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों ने भी उन्हें खुलासा नहीं किया कि 'सेंगोल राजदंड' भी कोई ऐतिहासिक और सांस्कृतिक बला है और इलाहाबाद के संग्रहालय में धूल फांक रही है।

दैनिक न्यूज़ वायरस
**संपादक : मौ.सलीम सैफी, कार्यकारी संपादक :** आशीष कुमार तिवारी न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मौ.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से प्रकाशित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से मुद्रित। **फ़ोन :** 0135-4066790, 2672002 **RNI No. :** UT-THIN/2012/44094 **Cert. Ser. No. :** 31406 **E-mail :** dainiknewsvirus@gmail.com **Website :** www.newsvirusnetwork.com **YouTube :** TV News Virus
न्याय क्षेत्राधिकार : जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

# प्रदेश के उद्यान मंत्री जोशी ने कहा , जल्द ही देहरादून में बनेगा बाटनिकल गार्डन

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



प्रदेश के कृषि एवं कृषक कल्याण, उद्यान मंत्री गणेश जोशी ने बताया कि उत्तराखण्ड राज्य की प्राकृतिक खूबसूरती की वजह से पर्यटक यहाँ घूमने आते है। जिसके दृष्टिगत विभाग में हार्टी टूरिज्म को विकसित किये जाने की आवश्यकता है। जिस ओर विभाग के विभिन्न उद्यानों को विकसित कर हार्टी टूरिज्म से जोड़ने के प्रयास किये जा रहे है। जोशी ने बताया कि राज्य में आने वाले पर्यटक बागवानी के विभिन्न गतिविधियों व तकनीकों से भली-भाँति अवगत हो सके। इस क्रम में जनपद देहरादून में पुष्प प्रखण्ड व वानस्पतिक उद्यान स्थापित करने की सहमति मुख्य सचिव की अध्यक्षता में आयोजित राज्य स्तरीय स्वीकृति समिति की बैठक में रूपये 283.61 लाख की परियोजना को स्वीकृति प्राप्त की गयी है। इस परियोजना को देहरादून में सैन्यधाम के निकट राजकीय भूमि पर स्थापित किया जायेगा।

कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री ने बताया कि इस परियोजना को पौधो की एक विस्तृत श्रृंखला का संग्रह, कृषिकरण बागवानी की नवीनतम तकनीकों, संग्रहालय, ओपन थियेटर, तरह-तरह की आकृतियों, पुस्तकालय, कैन्टिन, आकृषक झरने व पर्यटक स्थलों की जानकारी के साथ-साथ पौधों का संरक्षण व विभिन्न नवीनतम औद्योनिक तकनीको प्रदर्शन किये जायेंगे। यह उद्यान वनस्पति शास्त्रियों, नर्सरी मैन, बागवानों, लैंडस्कैपर्स के साथ-साथ विद्यार्थियों के लिए भी उपयोगी सिद्ध होगा। इस योजना के संचालन से राज्य में अन्य अविकसित उद्यानों को नयी दिशा मिलेगी तथा रोजगार के नये आयाम सृजित होगें। इस परियोजना में बंजर स्थान को विकसित कर नदी किनारे भूमि को पेड़-पौधों के माध्यम से लैण्ड स्केपिंग कर हार्टी टूरिज्म के तर्ज पर सैलानी के आवागमन के लिए सुलभ बनाया जायेगा तथा सैलानी आकर तरह-तरह के फल, सब्जी व फूलों का आनन्द प्राप्त कर सकेंगे।कृषि मंत्री ने बताया योजना को विस्तार रूप देने के लिए एडीबी परियोजना से भी जोड़ा जायेगा। यह परियोजना विभाग के लिए पर्यटन के क्षेत्र में हार्टी टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए अत्यधिक उपयोगी सिद्ध होगी। उत्तराखण्ड में आये पर्यटकों को एक स्थान पर औद्यानिकी से सम्बन्धित विभिन्न गतिविधियां देखने को मिलेगी। कृषि मंत्री ने बताया कि उनके द्वारा उद्यान विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अंतर्गत स्वीकृत की गई कार्य योजना को धरातल पर उतारने के लिए समस्त कार्यवाही को समय से सम्पादित कर हार्टी ट्यूरिज्म से जोड़ने के लिए कार्यवाही की जाये ।

# उत्तराखंड पुलिस भर्ती परीक्षा में चयनित हुए अभ्यर्थी करा लें अपना चिकित्सा स्वास्थ्य परीक्षण, डीजीपी ने जारी किये जनपद प्रभारियों को निर्देश

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

उत्तराखंड पुलिस विभाग में 1521 रिक्त पदों के लिए भर्ती परीक्षा में चयनित हुए अभ्यर्थियों को आगामी 3 जून 2023 तक चिकित्सा स्वास्थ्य प्रशिक्षण कराने के मध्य नजर तय तिथि निर्धारित की गई है। इस विषय में उत्तराखंड पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार ने राज्य के सभी जनपद पुलिस प्रभारियों को राजकीय चिकित्सालयों से संपर्क स्थापित कर चयनित अभ्यर्थियों का चिकित्सा एवं स्वास्थ्य परीक्षण आगामी 3 जून 2023 तक पूर्ण कराए जाने के लिए निर्देशित किया हैं।बता दें कि उत्तराखंड लोक सेवा आयोग द्वारा वर्तमान में प्रचलित



उत्तराखण्ड पुलिस आरक्षी / आरक्षी पी.ए.सी. / आई.आर. बी. (पुरुष) / फायरमैन (अग्निशामक) (पुरुष / महिला) भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत शारीरिक दक्षता परीक्षा एवं लिखित परीक्षा के अंकों के आधार पर दिनांक 21 मई को अभ्यर्थियों का चयन परिणाम निर्गत किया जा चुका है। ऐसे में अब चयनित अभियर्थियों का अब चिकित्सा एवं स्वास्थ्य परीक्षण संबंधित जनपदों (जहां से अभ्यर्थी द्वारा परीक्षा के लिए आवेदन किया गया था) में कराया जाना प्रस्तावित है। ऐसे में उत्तराखंड पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार द्वारा सभी 13 जनपद पुलिस प्रभारियों को राजकीय चिकित्सालयों से संपर्क स्थापित करते हुए चयनित अभ्यर्थियों का चिकित्सा एवं स्वास्थ्य परीक्षण आगामी 3 जून 2023 तक पूर्ण कराए जाने के लिए निर्देशित किया गया है।

# दिव्यांगजन शिविर में 78 लोगों ने उठाया लाभ
# पुलिस महानिदेशक ने किया शिविर का शुभारंभ

न्यूज वायरस नेटवर्क

उद्धार, नागपुर, महाराष्ट्र की एक सामाजिक संस्था, उत्तराखंड राज्य एड्स नियंत्रण समिति व उत्तरांचल प्रेस क्लब के संयुक्त तत्वावधान में प्रेस क्लब में दो दिवसीय निःशुल्क दिव्यांगजन हेतु कृत्रिम अंग फिटमेंट एवं वितरण शिविर का आयोजन किया गया।

इस दौरान प्रेस क्लब सदस्यों ने ही नहीं बल्कि दूर-दराज इलाकों से पहुंचे दिव्यांगजन ने स्वास्थ्य जांच का लाभ उठाया व मौके पर ही कृतिम अंग भी प्राप्त किए। शिविर का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार, उद्धार सामाजिक संस्था की अध्यक्ष कुसुम अग्रवाल, सस्था के सचिव कुंज बिहारी लाल व प्रेस क्लब अध्यक्ष अजय राणा ने दीप प्रज्जवलित कर किया। शिविर में 78 लोगों की जांच की और कृत्रिम अंग प्रदान किए गए। यह शिविर 28 मई को भी चलेगा।

शनिवार को प्रेस क्लब में आयोजित कार्यक्रम के दौरान बतौर मुख्य अतिथि पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार ने शिविर के उद्घाटन से पूर्व पूरे शिविर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रदेश के विभिन्न भागों से आए हुए दिव्यांगजनों से वार्ता कर संस्था के कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार ने कहा कि उद्धार संस्था की तकनीशियन टीम जो कि स्वयं दिव्यांग होने के बावजूद दिव्यांग लोगों की सहायता कर रही है, ये अपने आप में बहुत बड़ा काम है। उन्होंने कहा कि इससे शारीरिक तौर पर कमजोर लोगांे को फायदा होगा। उन्होंने उद्धार संस्था नागपुर को इस प्रयास के लिए बधाई दी।




उद्धार नागपुर महाराष्ट्र समाजिक संस्था के सचिव कुंज बिहारी लाल ने कहा कि लगातार 34 सालों से संस्था दिव्यांगजन के स्वास्थ्य जांच से लेकर उनके लिए कृत्रिम अंग निःशुल्क मुहैया कराने का कार्य कर रही हैं। अब तक वे अलग-अलग राज्यों में 3200 से अधिक दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग प्रदान कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि संस्था का उद्देश्य दिव्यांग लोगों को आत्मनिर्भर बनाना है। कार्यक्रम के दौरान उत्तराखंड राज्य एड्स नियंत्रण समिति के अपर परियोजना निदेशक डॉ. अजय नगरकर ने सरकार की योजनाओं की जानकारी दी।कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रेस क्लब अध्यक्ष अजय राणा व संचालन संयुक्त मंत्री मीना नेगी ने किया। इस अवसर पर संस्था के सदस्य संजय राजगड़िया, रूचिका राजगड़िया, अक्षय राजगड़िया, अंकिता राजगड़िया, श्रुति कृष्णा, प्रद्धुमन कृष्णा, देवांशी राजगड़िया रूंगटा व महावीर विकलांग समिति के तकनीकि टीम के लीडर डॉ. देवकी नंदन व उनकी टीम डॉ दीन दयाल, तुफान सिंह, रामप्रसाद, राजेंद्र, चंदन सिंह, जगदीश, स्वास्थ्य विभाग के प्रचार प्रसार अनिल सती के साथ ही उत्तरांचल प्रेस क्लब महामंत्री विकास गुसाईं, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रश्मि खत्री, कनिष्ठ उपाध्यक्ष दरवान सिंह, संयुक्त मंत्री राजीव थपलियाल, कोषाध्यक्ष मनीष चंद्र भट्ट, सम्प्रेक्षक मनोज सिंह जयाडा, कार्यकारिणी सदस्य प्रवीन बहुगुणा, मंगेश कुमार, मो. फहीम तन्हा, पदेन सदस्य जितेंद्र अंथवाल आदि उपस्थित थे।

## जसपुर में जयंती पर याद किए गए पृथ्वीराज चौहान

काशीपुर। पृथ्वीराज चौहान की जयंती पर उन्हें याद किया गया। रविवार को क्षत्रिय महासभा एवं अन्य लोगों ने पृथ्वीराज चौहान की मूर्ति पर माल्यार्पण कर उनके जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला। उनसे देशभक्ति से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। साथ ही समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने का संकल्प लिया। यहां विधायक आदेश चौहान, भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य खडक सिंह, राजकुमार राज,आदित्य गहलोत,संजय राजपूत सर्वेश सिंह, कमल चौहान, तरूण पधान, अवनीश गहलोत, अनिल कुमार रहे।

## शिक्षकों ने मुख्य प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

काशीपुर। राजकीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ ने वेतन विसंगतियों को दूर करने की मांग की। साथ ही एबीओ को संबोधित आठ सूत्रीय मांगों का मुख्य प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा। शनिवार को बीआरसी में संघ अध्यक्ष संदीप कुमार के नेतृत्व में शिक्षकों ने एबीओ को संबोधित ज्ञापन मुख्य प्रशासनिक अधिकारी महबूब अली को सौंपा। उन्होंने कहा बीते दिनों हुई ब्लॉक कार्यकारिणी की बैठक में शिक्षकों और छात्र समस्याों पर प्रस्ताव आए थे। कहा बीती 31 मार्च को सेवानिवृत्त हुए शिक्षकों का अवशेष देयक का निस्तारण शीघ्र कराया जाए। बीते पांच वर्ष की आयकर कटौती शिक्षकों के वेतन से करने के बाद अभी तक आयकर विभाग को स्थानांतरित नहीं की गई है। इसे जल्द ही भेजा जाए। वर्तमान सत्र में जिन अध्यापकों की आयकर कटौती नहीं हुई है। उनकी कटौती कराई जाए। शिक्षकों की वेतन विसंगतियां दूर करने, शिक्षकों के कालातीत चयन, प्रोन्नत वेतन अवशेष देयकों का भुगतान कराने, पूर्व में सेवानिवृत्त शिक्षकों की जीपीएफ बुक अपडेट कराने आदि की मांग की । मुख्य प्रशासनिक अधिकारी ने समस्याओं का जल्द ही समाधान कराने का भरोसा दिलाया है। यहां राजपाल सिंह, तीर्थ देव, मो. हनीफ, रवि चौहान, राजबीर सिंह रहे।

## आगामी नगर पालिका चुनाव में पूरी ताकत के साथ लड़ेगी आप : आजाद अली

ऋषिकेश। नगर पालिका डोईवाला के आगामी चुनाव के लिए आम आदमी पार्टी ने तैयारियां शुरू कर दी है। आप नगर पालिका के चुनाव में पूरी ताकत के साथ उतरेगी। इसके लिए आप कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों की समस्या सुनेंगे और उन्हें आप की नीतियों के बारे में बताएंगे। रविवार को डोईवाला के धर्मुचक गांव में आम आदमी पार्टी का कार्यकर्ता सम्मेलन हुआ। सम्मेलन में मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष आजाद अली ने कहा कि पार्टी लगातार बढ़त की ओर है। लोग खुद आम आदमी पार्टी से जुड़ते जा रहे हैं। जिस प्रकार से दिल्ली सरकार और पंजाब सरकार कार्य कर रही है, इससे लोग काफी प्रभावित हैं। इसी को देखते हुए उत्तराखंड में भी आम आदमी पार्टी का विस्तार हो रहा है। संगठन से महिलाएं और पुरुष जुड़ रहे हैं। पार्टी के प्रदेश समन्वयक संगठन डॉ. डीके पाल ने कहा कि आने वाले नगरपालिका चुनाव में पार्टी पूरी ताकत के साथ मैदान में उतरेगी। पार्टी के कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों की समस्याओं को सुनेंगे और लोगों को बताएंगे कि अगर आपका कोई अच्छा कर सकता है तो सिर्फ आम आदमी पार्टी ही कर सकती है। इस दौरान कुछ लोगों ने आप की सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष विजय पंवार, डोईवाला विधानसभा अध्यक्ष सरदार प्यारा सिंह, अशोक सेमवाल, अल्पसंख्यक संगठन जिलाध्यक्ष सरदार भजन सिंह, मोहम्मद मुस्तकीम, पूर्व सभासद गोपाल शर्मा, सोनी कुरैशी, आयशा खान, यामिनी सिंह, राजेश कुमार, भरत लोधी, इकलाल तगाला, इकबाल मलिक, मोहम्मद जुल्फाम, इकरार, सलीम अहमद, राम खेलावन, जसोदा देवी, सुमन गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

## मुनिकीरेती में पर्यटकों को पढ़ाया मर्यादा का पाठ

ऋषिकेश। मुनिकीरेती क्षेत्र में गंगाघाटों और तटों पर आमर्यादित आचरण करने वाले पर्यटकों को पुलिस ने मर्यादा का पाठ पढ़ाया। इस दौरान नशे में हुडदंग मचाने और गंदगी फैलाने पर 12 पर्यटकों के चालान किए गए। उन्हें दोबारा ऐसा करने पर सख्त कानूनी कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई। रविवार को मुनिकीरेती पुलिस ने युसूफ बीच, आइटीबीपी राफ्टिंग प्वाइंट, शिवपुरी बीच और ब्रह्मपुरी बीच चेकिंग अभियान चलाया। पुलिसकर्मियों को अलग-अलग स्थानों पर दिल्ली और हरियाणा के 12 पर्यटक शराब पीकर हुड़दंग मचाते दिखे। इन्हीं में से कई पर्यटक भी गंदगी फैलाते हुए नजर आए। पुलिस ने उन्हें रंगेहाथ पकड़ते हुए चालान किया। मौके पर ही पर्यटकों से जुर्माना भी वसूला गया। प्रभारी निरीक्षक रितेश शाह के मुताबिक ऑपरेशन मर्यादा के तहत पुलिस लगातार क्षेत्र में चेकिंग अभियान चला रही है।

## रामगढिया सभा 4 जून को मनाएगा 300 साला जन्म शताब्दी दिवस

देहरादून। रामगढिया सभा के तत्ववाधान में महाराजा जसा सिंह रामगढिया का 300 साला जन्म शताब्दी दिवस कथा कीर्तन के रूप में श्रद्धा एवं उत्साह पूर्वक मनाया जाएगा। रामगढिया भवन पटेल नगर में आयोजित कार्यकारिणी बैठक में सर्वसम्मिति से निर्णय लिया गया कि महाराजा जसा सिंह जन्म शताब्दी दिवस 4 जून को रविवार के दिन मनाया जाएगा। प्रातः 10.30 बजे श्री अखंड पाठ के भोग के पश्चात दीवान 2.30 बजे दोपहर तक कथा-कीर्तन दरबार सजेगा। इसमें प्रसिद्ध रागी जत्थे एवं कथा वाचक संगत को निहाल करेंगे। कार्यक्रम के पश्चात गुरु का अटूट लंगर बरतेगा। इस अवसर पर प्रधान सुरजीत सिंह, महासचिव सेवा सिंह मठारु, कोषाध्यक्ष रघुबीर सिंह, सचिव राजिंदर सिंह राजा, दिलबाग सिंह, करतार सिंह, गुरमीत सिंह मीता, मंजीत सिंह चानना, सुरेंदर सिंह, बलजीत सिंह, जसपाल सिंह, गुरदयाल सिंह, परमजीत सिंह, रंजीत सिंह, हजारा सिंह उपस्थित थे।

## उत्तराखंड की जीत में चमके कमल सिंह ने ठोके 145 रन

देहरादून। 39 वीं ऑल इंडिया उत्तराखंड गोल्ड कप क्रिकेट प्रतियोगिता में लीग मैचों में रविवार को हरियाणा कोल्ट व उत्तराखंड की टीमें विजयी रही। मैन ऑफ द मैच संजय पहल व कमल सिंह रहे। एमपीएससी ग्राउंड में हुए पहले मैच में हरियाणा कोल्ट्स ने इंडियन रेलवे को 5 रन से हराया। टॉस इंडियन रेलवे के कप्तान उपेन्द्र यादव ने जीता और गेंदबाजी का फैसला किया।

पहले खेलते हुए हरियाणा कोल्ट्स ने 45 ओवर में आठ विकेट खोकर 237 रन बनाए। लक्ष्य दलाल ने 42, अंकित कुमार ने 22, कपिल हुड्डा ने 53, संजय पहल ने 58 रन बनाए। मोहित राउत ने 3, आदर्श सिंह ने 2 विकेट लिए। जवाब में इंडियन रेलवे 43.3 ओवर में 232 रन पर ऑल आउट हो गई। इंडियन रेलवे की ओर से निशांत ने 58, राहुल रावत ने 92 रन बनाए। संजय पहल ने 3, लक्ष्य दलाल, भुवन रोहिला, राहुल राठी ने 2-2 विकेट लिए। कसिगा क्रिकेट ग्राउंड में हुए दूसरे मैच में क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड ने स्पोटिंग क्लब दिल्ली को 21 रन से हराया। टॉस सीएयू के कप्तान अवनीश सुधा ने जीता और बल्लेबाजी का फैसला लिया।

## संक्षिप्त खबरें

### विश्व जागृति मिशन की 25वीं वर्षगांठ पर अनुयायियों का सम्मान

देहरादून। विश्व जागृति मिशन देहरादून मंडल की 25 वीं वर्षगांठ हुए रजत जयंती समारोह दीक्षा लेने वाले अनुयायियों को अंग वस्त्र से सम्मानित किया गया। मिशन के संस्थापक संत सुधांशु महाराज 25 वर्ष पूर्व पहली बार दून आए थे और मौके पर सैकड़ों अनुयायियों को दीक्षित किया था। तुनवाला स्थित मिशन आश्रम में इस अवसर पर सुधांशु महाराज ने वीडियो प्रोजेक्टर से प्रवचन करते हुए कहा, मोक्ष के लिए धर्म के किसी प्रतीक को रख कर साधना करेंगे तो मोक्ष मिल जायेगा। इसलिए राम वनवास के समय लक्ष्मण ने भगवान राम की खड़ाऊ रख का साधना की। आचार्य महेश शर्मा के पावन सानिध्य में आयोजित यज्ञ में मिशन के प्रचार मंत्री भूपेन्द्र चड्ढा मुख्य यजमान रहे। भजन गायकों प्रेम भाटिया, सुरेश वर्मा, हरेंद्र सिंह पुंडीर, देवेंद्र जोशी, अनिल कुमार, सुषमा भाटिया, रमन आचार्य, किरण गेरा, अनिल बांगा, आयुष गोयल, गीता भाटिया, मनीष सेठ, दीपा घनसाला, कैलाश चंद्र जायसवाल, जगदीश पोखरियाल, श्री श्याम सुन्दर मंदिर के प्रधान अवतार मुनियाल, महामंत्री गोविंद मोहन, गंभीर सिंह पंवार, बलबीर सिंह कैंतुरा, पुष्पा नौटियाल मौजूद रहे। संचालक प्रचार मंत्री भूपेन्द्र चड्ढा ने बताया कि 1998 में सुधांशु महाराज का देहरादून में प्रथम विराट भक्ति सत्संग 20 से 23 मई को परेड ग्राउंड में हुआ था। उस समय 650 भक्तों ने गुरुदेव से मंत्र दीक्षा लेकर देहरादून मंडल का गठन किया था। मिशन की रजत जयंती पर 25 वर्ष पूर्व गुरुदेव से मंत्र दीक्षा लेने वालों को सम्मानित किया गया। सुंदर काण्ड और भंडारे के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

### औषधीय मशरूम की जानकारी दी

देहरादून। इंस्टीट्यूट ऑफ एग्रीकल्चर ट्रेनिंग एंड रिसर्च और ग्राफिक एरा डीम्ड यूनिवर्सिटी के बायोटेक्नोलॉजी संकाय की ओर से 'औषधीय मशरूम क्षेत्र में मूल्य संवर्धन विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इंस्टीट्यूट के प्रमुख प्रशिक्षण सुधीर थपलियाल ने छात्रों को जानकारी औषधीय मशरूम के बारे में बताया। संस्थान के उद्यमिता विकास विशेषज्ञ विनोद कुमार ओझा ने छात्रों को स्वरोजगार एवं उद्यमिता विकास की जानकारी दी। संस्थान के निदेशक अमित उपाध्याय ने राज्य के उच्च हिमालयी क्षेत्र में पाए जाने वाले गुच्छी मशरूम और जंगलों में पाए जाने वाले गेनोडरमा मशरूम के बारे में बताया। कार्यक्रम मे डॉ. डीपी सिंह, रोहित कुमार, लतिका राणा, वैशाली थापा आदि शामिल रहे।

### देवेंद्र बने कालिन्दी एन्क्लेव नागरिक वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष

देहरादून। कालिन्दी एन्क्लेव नागरिक वेलफेयर सोसायटी कांवली का वार्षिक चुनाव रविवार को संपन्न हुआ। इसमें सर्वसम्मति प्रदीप गोयल संरक्षक, देवेंद्र कुमार अध्यक्ष, अनंत आकाश सचिव, प्रदीप गुप्ता कोषाध्यक्ष चुने गए। चुनाव अधिकारी वाईके त्यागी की देखरेख में कालिन्दी एन्क्लेव स्थित सामुदायिक भवन में चुनाव संपन्न हुआ। इसके बाद पदाधिकारियों की बैठक हुई।

### वैश्य युवक-युवतियों का छठवां परिचय सम्मेलन हुआ आयोजित, 83 जोड़ों का हुआ परिचय

देहरादून। भारतीय वैश्य महासंघ ने विवाह योग्य वैश्य युवक-युवतियों का छठवां परिचय सम्मेलन आयोजित किया। इसमें 500 युवक-युवतियों व उनके अभिभावकों ने प्रतिभाग किया। देहरादून द्वारा आज अतिथि विश्राम गृह रेसकोर्स चौक में कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन से हुआ। प्रदेश संरक्षक राजेंद्र गोयल, प्रदेश अध्यक्ष विनय गोयल, जिला अध्यक्ष विनोद गोयल, महिला अध्यक्ष रमा गोयल, अनु गोयल, देवेंद्र गोयल आदि के साथ ही हरिद्वार, ऋषिकेश से आए पदाधिकारियों ने सामूहिक रूप से महाराजा अग्रसेन जी की प्रतिमा के सम्मुख ज्योत प्रज्ज्वलन किया। शिखर कुच्छल ने श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया। आपकी कृपा से मेरा सब काम हो रहा है.. भजन से सभी भावविभोर हो गए। श्री राधा कृष्ण के नृत्य पर कलाकारों ने नृत्य किया। भारतीय वैश्य महासंघ पदाधिकारियों सामूहिक रुप से स्मारिका का विमोचन किया। स्मारिका में पंजीकरण करवाने वाले युवक-युवतियों के नाम और संपूर्ण विवरण दर्ज था।